तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
चरनी में जन्मे प्रभु यीशु, गिरजाघरों में बिखरी खुशियां, झूमा मसीही समाज



## खबर संक्षेप

### सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु प्राक्चयन परीक्षा 28 को

**कोरबा।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (I) अनुसार वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों का 28 दिसम्बर को रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे निर्धारित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने इस सम्बंध में बताया कि उक्त प्राक्चयन परीक्षा हेतु जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव में बैठने हेतु अपात्र किया गया है, उन्हें भी प्रावधिक रूप से 28 दिसम्बर को आयोजित इस प्राक्चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा उपरांत भी इन अभ्यर्थियों की अभिलेख पुनः अपूर्ण पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता निरस्त की जाएगी।

### वीर बाल दिवस का आयोजन कल

**कोरबा।** भारत सरकार द्वारा 26 दिसम्बर को दसवें सिक्ख गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहादत को राष्ट्रीय दिवस घोषित करते हुए 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त शहादत दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर विद्यालयों/महाविद्यालयों में विविध गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए है। स्कूल - कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के शहादत की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### ईएमटी पद हेतु अंतिम मेरिट सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु इमरजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन ;ईएमटी के 14 पदों हेतु पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन कर 28 नवंबर को शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा अपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट मे सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। अनंतिम मेरिट सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा में 31 दिसंबर समय 5 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

### तान नदी पुल पर होगा मरम्मत का कार्य

**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-शिवनगर खंड के अंतर्गत गुरसियाँ में स्थित तान नदी पुल के मरम्मत एवं रखरखाव के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लगभग 4 करोड़ 76 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 116 मीटर लंबे और 7.8 मीटर चौड़े पुल की संरचनात्मक मरम्मत की जाएगी। पुल पर पूर्ण क्षमता के साथ शीघ्र यातायात सुचारु करने के लिए मरम्मत के कार्य को दो महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए तत्परता से सड़कों और पुलों की मरम्मत सुनिश्चित की जा रही है। तान नदी पुल की स्थिति और यातायात के दबाव को देखते हुए इसे आकस्मिक मरम्मत एवं रखरखाव की श्रेणी में रखा गया था। इसके लिए प्राप्त निविदाओं को आज खोल दिया गया है।

# अब अतिथि शिक्षक भी आएंगे ऑनलाइन अटेंडेंस के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नए साल से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों और बच्चों की ली जाने वाली ऑनलाइन अटेंडेंस के दायरे में अतिथि शिक्षक भी आएंगे। बीते 3 वर्ष से अतिथि शिक्षक हायर सेकेण्डरी हाईस्कूल में व्याख्याता के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिन्हें 20 हजार रुपए प्रतिमाह राज्य शासन द्वारा पारिश्रमिक दिया जाता है।

जिले में हायर सेकेण्डरी हाईस्कूल में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को भी ऑनलाइन अटेंडेंस के दायरे में लिया गया है। जिले में इनकी संख्या 30 से अधिक है। जो ग्रामीण अंचलों के हायर सेकेण्डरी हाईस्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियमित भर्ती नहीं होने के कारण उनकी जगह राज्य शासन ने अतिथि शिक्षकों की भर्ती 20 हजार रुपए पारिश्रमिक के तौर पर की थी। हालांकि इनके पारिश्रमिक में राज्य शासन की ओर से बढ़ोतरी नहीं की गई और जबसे इनकी नियुक्ति हुई तबसे उन्हें 20 हजार रुपए एकमुश्त दिया जा रहा है। ऑनलाइन अटेंडेंस के दायरे में आने के बाद नियमित शिक्षकों की तरह इनकी भी अटेंडेंस होगी। वर्तमान में अतिथि शिक्षक जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में संचालित हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी ⏭ शेष पेज 3 पर

### शिक्षकों के साथ बच्चों की भी होगी ऑनलाइन अटेंडेंस

**खास बातें**
- नए साल से होगा लागू
- बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति की होगी निगरानी



**ली जाएगी ऑनलाइन अटेंडेंस**

राज्य शासन के निर्देश पर शिक्षकों और बच्चों के ऑनलाइन अटेंडेंस लिए जाने का निर्देश आया है। इसके दायरे में नियमित शिक्षकों के साथ साथ अतिथि शिक्षक भी आएंगे उनकी भी ऑनलाइन अटेंडेंस होगी।

-टी पी उपाध्याय
डीईओ

### मानदेय शिक्षक नहीं आएंगे दायरे में

ऑनलाइन अटेंडेंस के जारी नियमों के तहत मानदेय शिक्षक इसके दायरे में नहीं आएंगे। जिले में 3 सौ से अधिक मानदेय शिक्षक और भृत्य प्राइमरी स्कूल व मीडिल स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डीएमएफ से इन्हें मानदेय की राशि का भुगतान प्रतिमाह किया जाता है। अतिथि शिक्षकों की तरह मानदेय शिक्षक भी दूरदराज के ग्रामीण अंचल के स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिससे प्राइमरी और मीडिल स्कूलों में शिक्षकों की कमी से प्रभावित होने वाली पढ़ाई को पटरी पर लाया जा सका है।

### आरोपियों में एक नाबालिग शामिल

# राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा बनी भाजपा नेता की हत्या की वजह, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा के भाजपा नेता व जनपद सदस्य की हुई नृशंस हत्या का सनसनीखेज मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। राजनीतिक व व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते यह वारदात को एक नाबालिग सहित कुल चार लोगों ने मिलकर योजबनाद्ध ढंग से वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी एक दिन पहले ही भाजपा नेता को मारने में असफल हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को पुनः वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक चार पहिया वाहन, कुल्हाड़ी, तलवार सहित अन्य हथियारों को बरामद कर लिया है और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बातें**
- एक दिन पहले भी हत्या का किया था प्रयास
- पुलिस ने चार पहिया वाहन, कुल्हाड़ी, तलवार को किया जब्त

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता अक्षय गर्ग मंगलवार की सुबह अपने वाहन इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 डीके 2244 से ग्राम कटोरी नगोई स्थित अपने कार्यस्थल पर गए हुए थे। सुबह लगभग 9.30 बजे अक्षय गर्ग कैंप के पास मजदूरों से कामकाज को लेकर चर्चा कर रहे थे। तभी एक चार पहिया वाहन से तीन अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और धारदार लोहे की टंगिया व चापड़ से उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। ⏭ शेष पेज 3 पर




पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी।





वारदात में प्रयुक्त हथियार एवं कार।

### किसी आरोपी का वारदात में क्या था रोल

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि मामले का मुख्य आरोपी मलदा निवासी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद उम्र 27 वर्ष मुख्य आरोपी जिसके द्वारा हत्या के संबंध में योजना तैयार कर हथियार इकट्ठा कर सर्वप्रथम घटना स्थल पर अक्षय गर्ग के पेट पर वार किया। वहीं सिघिया कोरबी निवासी विश्वजीत ओग्रे पिता स्व. नागेन्द्र ओग्रे उम्र 21 वर्ष मिर्जा मुस्ताक का मुख्य सहयोगी है जिसके द्वारा घटना स्थल पर लोहे की टंगिया से अक्षय गर्ग के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया था। जबकि मलदा निवासी गुलशन दास पिता त्रिभुवन दास उम्र 26 वर्ष ने मृतक अक्षय गर्ग के आने जाने की हर सूचना वारदात के मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद को देता रहा। जिसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था।

### इसलिए अक्षय को उतारा मौत के घाट

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कटघोरा कारखाना एरिया निवासी अक्षय गर्ग का व्यवसायिक प्रतिद्वंतता आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद के साथ क्षेत्र में ठेकेदारी का काम करना चाहता था, लेकिन भाजपा नेता अक्षय गर्ग के प्रभाव की वजह से मुस्ताक अहमद को क्षेत्र में ठेके का कार्य नहीं मिल पा रहा था। साथ ही राजनितिक प्रतिद्वंतता पूर्व जनपद सदस्य के चुनाव में अक्षय गर्ग एवं आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद के बीच सीधी चुनावी टक्कर हुई थी, इस दौरान दोनों के बीच वाद विवाद भी हुआ था और अक्षय गर्ग ने क्षेत्र क्रमांक 18 बिंझरा जनपद में चुनाव में जीत हासिल की थी। जीतने के बाद अक्षय गर्ग मिर्जा मुस्ताक अहमद का उस क्षेत्र से सामाजिक प्रभाव में कमी आ गया। साथ ही आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद द्वारा सड़क निर्माण में अनियमिता को रोकने के लिए प्रगति पथ संस्था बनाया गया था। इन्हीं कारणों की वजह से दोनों के बीच लगातार टकराव बढ़ता ही जा रहा था जिसके चलते मुस्ताक ने अक्षय को मौत के घाट उतारा है।

# कोल इंडिया का मैनपावर घट कर हुआ 2 लाख 14 हजार 909




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया द्वारा जारी नवंबर 2025 की मैनपावर रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के कुल मैन पॉवर में लगातार कमी दर्ज की गयी है।

**खास बात**
- एसईसीएल में 36 हजार 712 मैनपॉवर

1 दिसंबर तक कोल इंडिया का कुल मैनपावर घटकर 2,14,909 रह गया है। अक्टूबर 2025 की तुलना में नवंबर माह में 598 कर्मियों की शुद्ध कमी दर्ज की गयी, जबकि बीते आठ महीनों में कुल 5,363 पद कम हुए हैं।

कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में एसईसीएल में 36,712, सीसीएल में कुल 32,560, बीसीसीएल में 31,105 और इसीएल में 45,453 कर्मचारी कार्यरत हैं। चारों कंपनियों में अधिकांश मैनपावर गैर-कार्यकारी श्रेणी का है। अधिकारियों की संख्या अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। महिला मैनपावर की स्थिति पर नजर डालें तो बीसीसीएल में 2,713, इसीएल में 3,706 और सीसीएल में 3,542 है। कुल मैनपावर की तुलना में महिला कर्मियों की हिस्सेदारी अभी भी सीमित बनी हुई है।

### किस कंपनी में क्या है स्थिति

| कंपनी | अधिकारी | कर्मचारी | कुल |
|---|---|---|---|
| एसइसीएल | 2,445 | 34,267 | 36,712 |
| बीसीसीएल | 1,791 | 29,314 | 31,105 |
| सीसीएल | 2,101 | 30,459 | 32,560 |
| इसीएल | 2,123 | 43,330 | 45,453 |
| डब्ल्यूसीएल | 1,978 | 29,533 | 31,511 |
| एमसीएल | 1,739 | 18,970 | 20,709 |
| एनसीएल | 1,596 | 11,434 | 13,030 |
| सीएमपीडीआइ | 798 | 1,867 | 2,665 |
| एनइसी | 065 | 448 | 513 |
| मुख्यालय | 390 | 261 | 651 |
| कुल मैनपावर | 15,026 | 1,99,883 | 2,14,909 |

# हसदेव बराज पुल पर आवागमन 6 माह तक अस्थायी रूप से प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हसदेव बराज के गेटों के सुधार, मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य हेतु हसदेव बराज पुल से दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन पर छह माह की अवधि के लिए प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान वाहनों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिसमें कटघोरा, जमनीपाली और दर्री की ओर से आने वाले वाहन नवीन निर्मित पुल के माध्यम से कोरबा तथा रूमगरा की दिशा में आवागमन करेंगे। इसी प्रकार कोरबा और रूमगरा से दर्री तथा जमनीपाली की ओर जाने वाले वाहन भवानी मंदिर के पास स्थित नवीन निर्मित पुल की ओर से आवागमन करेंगे।

### तय किया गया वैकल्पिक मार्ग



# इलेक्ट्रिक ऑटो में लगी आग, एजेंसी के बाहर खड़ी गाड़ी में हुआ शॉर्ट सर्किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर में एक इलेक्ट्रिक ऑटो में आग लग गई। यह घटना बुधवार की सुबह इलेक्ट्रिक ऑटो एजेंसी के बाहर खड़ी गाड़ी में हुई। मौके पर मौजूद लोगों और एजेंसी कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ऑटो से अचानक धुआं निकलने लगा, जिससे वहां हड़कंप मच गया। शुरुआत में पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन धुआं फिर से निकलने लगा। काफी प्रयासों के बाद आग को पूरी तरह बुझाया जा सका।



ऑटो चालक उने राम दिनकर कोहड़िया निवासी हैं, जिन्होंने एक साल पहले ही यह ऑटो खरीदा था। चालक बुधवार की सुबह अपनी इलेक्ट्रिक ऑटो की सर्विसिंग के लिए एजेंसी लाया था।

### निरीक्षण का उद्देश्य जेल में निरुद्ध कैदियों की स्थिति और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का मूल्यांकन

# कैदियों की सुविधाओं स्वास्थ्य व विधिक सहायता की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने एवं बंदियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला जेल कोरबा का सघन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध कैदियों की स्थिति, उन्हें उपलब्ध करायी जा रही मूलभूत सुविधाओं की गुणवत्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान बोर्ड सदस्यों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया। उसमें कौदियों के बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केन्द्र, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य सामान्य उपयोग के स्थान शामिल रहे। अधिकारियों ने कौदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उसी समस्याओं आवश्यकताओं एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी प्राप्त की। भोजन की गुणवत्ता, पोषण मानकों, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, दवाईयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति, शिक्षा कर्यक्रमों जैसी गतिविधियों का भी आकलन किया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की भी जांच की गयी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैदियों को समय पर और सरल रूप से कानूनी सहायता प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा के अध्यक्षता में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैदियों के लिए स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थय परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाए। वहीं निरीक्षण के दौरान 17 महिला एवं 189 पुरूष बंदी जेल में रहे। इस संयुक्त निरीक्षण में सुश्री मयुरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कु. त्राप्ति कु. ग्रेसी - न्यायिक मजिस्टेट, प्रथम श्रेणी, ओमप्रकाश यादव- अपर कलेक्टर कोरबा, नीतिश सिंह ठाकुर- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विजय लक्ष्मी- लोक निर्माण विभाग, सी.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तामेश्वर उपाध्याय- जिला शिक्षा अधिकारी, दिपेश भारती रोजगार अधिकारी, विनय कुमार उद्योग अधिकारी, मुकेश कुमार वेलफेयर अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग से उपसंचालक हरीश सक्सेना उपस्थित रहे।



जेल परिसर का निरीक्षण करते जिला सत्र न्यायाधीश।

### एनडीपीएस के मामले में आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी अभय कुमार को एनडीपीएस एक्ट के मामले में पुलिस को गिरफ्तार किया था और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्रीमती गरिमा शर्मा के न्यायालय में चल रही थी, जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर धारा 22बी में पांच वर्ष सश्रम कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किए जाने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## खबर संक्षेप

### शुभम विहार शिव मंदिर में हिंदू सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** शुभम विहार सहित आसपास के कॉलोनियों व अपार्टमेंट्स के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन गुरुवार 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शिव मंदिर प्रांगण शुभम विहार में किया जा रहा है। इसमें गहन मंथन कर हिंदुओं के मध्य व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करने के उपायों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। आयोजकों ने समस्त जागरूक हिंदुओं से आग्रह किया है कि इस सम्मेलन में उपस्थित रहकर अपने सकारात्मक सुझाव देने में सहयोग करें।

### गिरफ्तार किया गया कार पार्किंग संचालक

**बिलासपुर।** पुलिस का नाम लेकर धौंस दिखाने वाला कार पार्किंग



संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 22 दिसंबर की सुबह रेलवे स्टेशन के पास कार पार्किंग के संचालक चुचुहियापारा निवासी राजकुमार उर्फ राजू यादव 59 साल कार पार्किंग की बात को लेकर आमजन से पुलिस से पहचान होने का रौब दिखकर अनावश्यक परेशान कर रहा था। आमजन ने धौंस दिखाते हुए उसका वीडियो बनाकर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर तोरवा पुलिस ने कार पार्किंग संचालक राजकुमार उर्फ राजू यादव को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश किया गया है।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर मैनेजर से मारपीट

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर बस नेजर से जमकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा अभिलाषा परिसर निवासी अनुराग सिंह पिता देवीशंकर सिंह रामदूत बस सर्विस में मैनेजर हैं। 21 दिसंबर को 7.30 बजे वह बस स्टैण्ड गेट नम्बर 1 के सामने अयोध्या से दुर्ग जाने वाली स्लीपर बस का हिसाब लेने गए थे। वहीं खड़े आटो चालक राजू राजपूत, मोनू बेग, पप्पू शास्त्री ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर गाली गलौज कर बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर हमलावर राजू राजपूत, मोनू बेग, पप्पू शास्त्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 15, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### आनलाइन ठगी करने वाला जालसाज जामताड़ा से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रिफंड करने का झांसा देकर महिला से आनलाइन ठगी करने वाले जालसाज को पुलिस ने जामताड़ा से गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, वर्ष 2022 में देवनगर निवासी सुशीला बंजारे ने एनीडेस्क एप के माध्यम से आनलाइन सामान मंगाई थी। पैसा जमा करने के बाद भी सामान नहीं मिलने पर हेल्प लाइन लाइन मोबाइल नम्बर में संपर्क किया। जालसाज ने उन्हें पैसा रिफंड करने के एक लिंक भेजकर डाउनलोड करने कहा। रिफंड की आस में महिला ने लिंक सर्च किया तो उनके बैंक खाते से 1 लाख 99 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई थी। तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर कोनी पुलिस ने झारखंड जामताड़ा में दबिश देकर जालसाज बाबूधन कर्मकार को गिरफ्तार कर लिया है।

---

न स्कूल खोले जा रहे, न स्पेशल एजुकेटर की भर्ती हो रही, सामान्य छात्रों के साथ पढ़ाई करने के कारण ग्रोथ नहीं

# दिव्यांग बच्चे पढ़ेंगे कैसे, 14 जिलों में 17 स्कूल ही इनके लिए संचालित 77 हजार बच्चों के लिए 1000 शिक्षकों की कमी पहले से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


प्रदेश में दिव्यांग बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जो वर्तमान में 77 हजार से अधिक जा पहुंची है। दिव्यांग छात्रों की बढ़ते संख्या के मुताबिक पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। समाज कल्याण विभाग की ओर से सिर्फ 14 अलग-अलग जिलों में केवल 17 स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। पिछले साल यू-डाइस के आकड़ों के मुताबिक यहां छात्र अध्यनरत हैं जो दिव्यांग बच्चों की आबादी के एक फीसदी से कुछ ही ज्यादा है। शेष हजारों बच्चे सामान्य छात्रों के साथ सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई करने की वजह से इनकी ग्रोथ नहीं हो रही है, क्योंकि इनपर विशेष रुप से ध्यान देने की व्यवस्था नहीं है। इधर राज्य के कुछ एनजीओ और प्राइवेट संस्थानों द्वारा महंगी फीस लेकर दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल टीचर के माध्यम से मदद जरूर ली जा रही है।

गौरतलब है कि सामान्य स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी सेटअप में स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था की गई है पर इनके सैकड़ों पद रिक्त हैं। कई वर्षों से इन पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है। इसके अलावा जिलों की बात करें तो बिलासपुर में 9551 और रायपुर में 7256 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। यह आंकड़ा दूसरे जिलों के हिसाब से लगभग दोगुना और तिगुना है। इसके अलावा मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दुर्ग, महासमुंद जिलों के लिए दिव्यांगों की बढ़ती संख्या के अनुसार स्कूलों और स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था नहीं होना बेहद चिंताजनक है।

### एक साल से चल ही रही भर्ती प्रक्रिया

विभागीय अधिकारी कहते हैं कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इधर देखा जाए तो 1000 पदों पर भर्ती के लिए एक साल पहले करीब डेढ करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद भी स्पेशल एजुकेटर की यह भर्ती प्रकिया सिर्फ कागजों तक सीमित है। सूत्रों का कहना है कि स्पेशल एजुकेटर के भर्ती के नियम, पदोन्नति जैसे बायलॉज तैयार किए जा चुके हैं। इधर दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं के मुताबिक 2011 की जनगणना के अनुसार दिव्यांग बच्चों की संख्या करीब डेढ़ लाख है जबकि स्कूल के यू-डाइस में ये संख्या मात्र 77 हजार दर्ज है।

### 10 दिव्यांग बच्चों पर एक शिक्षक जरूरी



ज्ञात हो कि गाइडलाइन के मुताबिक प्राइमरी स्कूलों में 10 बच्चों पर एक शिक्षक और माध्यमिक व हायर सेकेंडरी कक्षाओं में 15 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए। इस हिसाब से वर्तमान में विशेष शिक्षकों की बड़े पैमाने पर कमी है। यानी लगातार भर्ती के बाद ही यह व्यवस्था सुधारी जा सकती है। फिहला देखा जाए तो दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए फिलहाल पूरे राज्य में कुछ एक शिक्षक ही नियुक्त हैं। इस बारे में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। कोर्ट ने निर्देश भी दिया है कि प्रत्येक स्कूल में एक विशेष शिक्षक अनिवार्य होना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया की प्राथमिक स्तर में 10 दिव्यांग बच्चों के बीच में 1 स्पेशल शिक्षक, माध्यमिक स्तर में 15:1 स्पेशल शिक्षक का अनुपात होना चाहिए।

### जारी है प्रक्रिया

प्रदेश स्तर पर 'स्पेशल एजुकेटर्स' की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके लिए शिक्षक भर्ती और पदोन्नति नियम 2019 में बदलाव किया है। बदलाव के बाद दिव्यांग बच्चों के लिए खास टीचर्स (स्पेशल एजुकेटर्स) की भर्ती शुरू कर दी गई है। इसके लिए कुल 848 पद को मंजूरी दे दी गई है। ये टीचर दिव्यांग बच्चों को पढ़ाएंगे। शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है।

**- आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग

---

फैक्ट्री संचालक ने दोनों मृतकों के परिजन को दी सहायता राशि

# फर्नीचर फैक्ट्री में आग: 15 घण्टे बाद सुबह 5.30 बजे 25 दमकल के पानी से आग पर पाया गया काबू

सिरगिट्टी स्थित मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री दूसरे दिन सुबह तक धधकता रहा। बुधवार की सुबह 5.30 बजे 25 दमकल के पानी से आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया है। इधर आग से झुलसे दूसरे कर्मचारी की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मृतकों के परिजन ने फैक्ट्री के गेट मुआवजा राशि की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। संचालक ने दोनों मृतकों के परिजन को 10 लाख व 10 लाख 25 हजार रुपए सहायता राशि दी है।



फर्निचर फैक्ट्री में आग बुझाते दमकलकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सिरगिट्टी सेक्टर बी स्थित मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी थिनर में गिरने से भीषण आग लग गई थी। भागते समय आग की चपेट में आकर कर्मचारी तिफरा निवासी अभिजीत उर्फ आयूष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा कर्मचारी भवानी नगर निवासी रितेश शुक्ला गंभीर रूप से झुलस गया था। शहर में प्राथमिक इलाज



मृतक

**आग से झुलसे दूसरे कर्मचारी की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत**

के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए रायपुर लेकर जा रहे थे, किन्तु उन्होने रास्ते में दम तोड़ दिया। इधर देर रात भर एसडीआरएफ की टीम फोमयुक्त पानी डालकर आग बुझाने में लगी हुई थी। 15 घण्टे बाद करीब 25 दमकल पानी से सुबह 5.30 बजे आग पर काबू पाया गया है। टीआई किशोर केंवट ने बताया, आगजनी में फैक्ट्री में रखे पूरा सामान टैंकर, छोटा हाथी, 6 बाइक जलकर राख हो गई है। तेज आग की लपटों से फैक्ट्री का भवन जर्जर हो गया है।

### परिजन ने मुआवजा के लिए मचाया हंगामा



### दी गई मुआवजा राशि

24 दिसंबर को दोनों मृतकों के परिजन व क्षेत्र के लोगों ने फैक्ट्री के गेट पर धरना दे दिया। लोगों ने मुआवजा राशि की मांग की। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फैक्ट्री संचालक ने 8 - 8 लाख रुपए देने की बात कही। जिससे परिजन अधिक राशि की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे। बाद में फैक्ट्री संचालक के द्वारा 10 लाख 10 लाख व 25 - 25 हजार रुपए सहायता राशि दी गई। उसके बाद हंगामा शांत हुआ है।

---

# रात में शराबी ने तालाब में लगाई छलांग, डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात में शराबी के तालाब में छलांग लगाने से हड़कंप मच गया। दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में खोजकर शव बाहर निकाल लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, बाजारपारा निवासी भुजवल महंत पिता करणदास महंत 51 साल की पहली पत्नी छोड़कर चली गई है। उन्होंने दूसरी महिला से शादी की थी। 23 दिसंबर की रात में लोगों ने तालाब के पास बैठकर भुजवल महंत को शराब पीते देखा था। रात 9 बजे नशे में उसने तालाब में छलांग लगा दी। लोगों ने घटना की सूचना सकरी पुलिस को दी। सकरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। रात में टीम ने खोजने की कोशिश की, किन्तु अधेरा होने से पता नहीं चल पाया था। 24 दिसंबर की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में पतासाजी कर शव खोजकर बाहर निकाले। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# आटो चालक पर नुकीली वस्तु से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटो चालक से मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला करने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



कोनी पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर को मदनपुर निवासी आटो चालक नरेश कुमार साहू को नेहरू चौक से सवार लेकर रानीगांव जा रहे थे। कोनी सेंट्रल यूनिर्वसिटी गेट के पास आटो खड़ी कर सवारी उतार रहे थे। इसी दौरान छोटी कोनी निवासी सोहराज सोनवानी पिता भानू सोनवानी 19 साल आया और आटो खड़ी करने की बात को लेकर मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया था। घटना के बाद से हमलावर फरार चल रहा था। 24 दिंसबर को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

# एक तरफ से बनी, तो दूसरी तरफ उखड़ने लगी कुदुदंड की सड़क



**बिलासपुर।** बरसों से जर्जर सड़क पर आवागमन कर रहे कुदुदंडवासियों की मांग के बाद अब यह सड़क बनाई तो जा रही है, लेकिन बनकर भी यह नहीं बनने जैसी हालत में होने को है। अभी इस सड़क का निर्माण पूरा भी नहीं हुआ है और जो हिस्सा बनाया जा चुका है, वहां डामर से गिट्टी उखड़ने लगी है। डामरीकरण के नाम पर ठेकेदार केवल खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं।

सड़क निर्माण व सुधार के नाम पर खानापूर्ति जोरों पर है। यह हालत शहर की किसी एक सड़क की नहीं है, बल्कि पेचवर्क की जा रही सभी सड़कों की यही हालत है। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब बीस से भी अधिक सड़कों का पेचवर्क कराया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ता कहीं भी नजर नहीं आ रही है। पहली बार स्तरहीन कार्य का विरोध होने पर दिखाने के लिए दोबारा डामरीकरण किया जा रहा है, लेकिन यह काम भी उसी गुणवत्ता का ही है। ठेकेदारों के द्वारा सड़क पर दबाव बनाने कहीं भी बेलन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि डामरीकरण के बाद सड़क पर प्रेशर नहीं पड़ने के कारण भी वह उखड़ रही है।

### सिंधी कॉलोनी-जरहाभाठा में भी यह हाल

बलराम टॉकीज के सामने से लेकर सिंधी कॉलोनी के बीच सड़क पर किए गए पेचवर्क का भी यही हाल है। पहले सड़क का डामरीकरण किया गया था, लेकिन लोगों के द्वारा उखड़ने की शिकायत करने के बाद फिर से काम कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस है। डामर की मात्रा एकदम कम होने की वजह से इस मार्ग पर भी कई जगहों पर गिट्टी उखड़ने लगी है।

### गुणवत्तापूर्ण काम करना होगा

ठेकेदार किस दर पर काम ले रहे हैं, यह अलग विषय है, लेकिन काम तो उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से ही करके देना होगा। इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

**- सीएस विंध्यराज,** लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता

---

कुल 76 एकड़ जमीन का करना है सीमांकन

# सप्ताहभर से कारीछापर में चल रहा निगम को दान में मिली जमीन का सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम को पंडित देवकीनंदन दीक्षित से दान में मिली जमीन का सीमांकन चल रहा है। राजस्व विभाग की टीम सीपत तहसील अंतर्गत कारीछापर में जमीन की नापजोख में लगी है और सप्ताहभर में लगभग 50 एकड़ जमीन का सीमांकन किया जा चुका है, जबकि कुल 76 एकड़ से अधिक जमीन का सीमांकन करना है।

- **राजस्व विभाग की टीम ने अब तक की 50 एकड़ भूमि की नापजोख**

राजस्व विभाग के आरआई व पटवारियों की टीम लगातार कारीछापर गांव जा रही है और जमीन का सीमांकन करने में लगी हुई है। राजस्व विभाग की टीम के साथ नगर निगम के भवन, नजूल शाखा के स्टाफ भी नापजोख में सहयोग के लिए जा रहे हैं। वैसे तो जमीन की नापजोख का कार्य 15 दिसंबर से शुरू हुआ था, किन्तु बीच-बीच में अवकाश पड़ने के कारण सप्ताहभर ही सीमांकन कार्य हो पाया है। अभी तक राजस्व विभाग की टीम लगभग 50 एकड़ जमीन की नापजोख कर चुकी है, वहीं करीब 36 एकड़ जमीन की नापजोख अभी और करना है। सीपत तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीछापर में नगर निगम की जमीन है। यह जमीन शहर के प्रतिष्ठित दानदाता पं. देवकीनंदन दीक्षित ने नगर पालिक निगम को दान में दी थी। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण दान में मिली पं. देवकीनंदन दीक्षित ट्रस्ट की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा बेजा-कब्जा कर लिया गया है। कुछ जमीन पर बेजा कब्जा में खेती भी की जा रही है, वहीं अब भू माफिया की नजर भी इस जमीन पर है, यहां अवैध प्लाटिंग की तैयारी चल रही है। इसलिए नगर निगम अब इस जमीन का सीमांकन करा रही है ताकि आगे उस पर अतिक्रमण न होने पाए।



सीमांकन करते अधिकारी व कर्मचारी।

### कुल 107 खसरों की है जमीन

सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारीछापर में विभिन्न 107 खसर नंबरों की कुल 76. 87 एकड़ जमीन है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने आजादी के पहले साल 1943 में नगर पालिक परिषद को उक्त जमीन दान में दी थी। राजस्व रिकार्ड में जमीन का मालिक नगर निगम बिलासपुर है। राजस्व विभाग की टीम ने आज कुल 107 खसर नंबरों में 33 खसरों के जमीन की नापजोख की है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है इसलिए पूरे जमीन का सीमांकन में समय लग रहा है।

### दूर तक फैली है जमीन

नगर निगम को सीपत के पास कालीछापर ग्राम में पंडित देवकीनंदन दीक्षित से दान में जमीन मिली थी। उक्त जमीन का सीमांकन कार्य चल रहा है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है इसलिए सीमांकन में समय लग रहा है फिर भी आधा से ज्यादा जमीन का सीमांकन हो गया है।

**-जुगलकिशोर सिंह,** उप अभियंता, नजूल शाखा ननि

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर।** बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का अध्यक्ष और श्रीमती रजनी साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके कार्यभार ग्रहण पर समस्त सहकारी समिति कर्मचारी संख्या शाखा बेलतरा, सेंदरी, सरकंडा और मस्तूरी की ओर से कमलकांत पाटनवार, रूपवंत सिंह, रूद्रदत्त तिवारी, लतीफ खान, विद्याशंकर, रामगोपाल साहू, दिलीप शुक्ला, लक्ष्मीकांत शास्त्री, विनोद सिंह, प्रदीप शास्त्री आदि ने शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर 25 दिसंबर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा।

### बदली खुलने के साथ ही ठंड में हुई बढ़ोतरी, ठिठुरने लगे लोग

**जांजगीर-चांपा।** बदली खुलने के साथ मौसम साफ हो गया। वहीं ठंड लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सुबह से रात तक गर्म कपडों में नजर आ रहे है। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है।

---

नागपुर की कंपनी कर रही सर्वे, दिसंबर माह तक करना था पूरा

# अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे जनवरी तक होगा पूरा

**बिलासपुर।** शहर में बंद पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का नागपुर की एमनेक नामक कंपनी द्वारा जीपीआर सर्वे किया जा रहा है। जीपीआर सर्वे का काम दिसंबर माह तक पूर्ण करना था, किन्तु अभी लगभग 10-15 फीसदी सर्वे काम बाकी है, इसलिए जनवरी माह तक सर्वे पूरा होने की संभावना जताई जा रही है।

नगर निगम द्वारा शहर में बंद पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि प्रोजेक्ट तहत कहां-कहां कितना पाइप लाइन बिछाई गई है और कहां-कहां काम बाकी है। अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का अधूरा काम होने की वजह से जमीन के नीचे कितनी पाइप लाइन बिछाई गई तथा कितना काम बाकी है, इसके लिए नगर निगम शहर में अधूरी पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज परियोजना का जीपीआर सर्वे कराया जा रहा है। कुछ माह पहले जीपीआर सर्वे के लिए निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था और सर्वे कार्य का ठेका नागपुर की एमनेक नामक को मिला है। जीपीआर सर्वे का ठेका कुल 29 लाख 75 हजार रुपए में हुआ है। दिन में ट्रैफिक का दबाव रहता है और सर्वे कार्य में कई तरह की दिक्कत आएगी, इसलिए रात में सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर सीवरेज प्रोजेक्ट का एएस बिल्ड ड्राईंग तैयार किया जाएगा और रिपोर्ट निगम को सौंपी जाएगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से सर्वे कंपनी को दिसंबर माह तक सर्वे के लिए समय सीमा दिया गया था। अभी तक 85-90 प्रतिशत सर्वे कार्य हो चुका है जबकि 10-15 फीसदी सीवरेज का सर्वे काम बचा है।

### टर्मिनेट सिंप्लेक्स कंपनी का 30 करोड़ राशि राजसात

अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का ठेका सिंप्लेक्स कंपनी के पास था, किन्तु सिंप्लेक्स कंपनी ने सीवरेज प्रोजेक्ट को अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया था। इसलिए नगर निगम ने अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने के बाद सिंप्लेक्स कंपनी को टर्मिनेट कर दिया है। सिंप्लेक्स कंपनी की सिक्यूरिटी डिपाजिट के रूप में जमा 30 करोड़ रुपए राजसात कर लिया गया है। इस राशि से ही सीवरेज के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की योजना है।

### 10 फीसदी सर्वे बचा है

शहर में बंद पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे का काम चल रहा है और लगभग 90 प्रतिशत के आसपास सर्वे हो चुका है, जबकि 10 फीसदी सर्वे का काम बाकी होगा। सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे जनवरी माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। जमीन के भीतर सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत कितना काम हुआ और कितना बाकी है, इसका पता जीपीआर सर्वे में चलेगा।

**-एसपी साहू**
प्रभारी, सीवरेज सेल नगर निगम

# सार्वजनिक क्षेत्र में चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार

अकलतरा। कोटमीसोनार क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र में चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को भयाक्रांत करने वाले आरोपी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि ग्राम कोटमीसोनार रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में लोहे का चाकू लेकर आने जाने वाले लोंगों को लहराकर डरा धमका रहा था। सूचना मिलने पर अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं कोटनी सुंदर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह छतरी के द्वारा रेड





करवाई की गई इस दौरान पुलिस द्वारा घेराबंदी कर प्रियांशु यादव को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### जू-जित्सु में जिले ने जीते 5 स्वर्ण 1 रजत व 7 कांस्य पदक

**कोरबा।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित जू-जित्सु राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लेवल अप एमएमए एकेडमी, कोरबा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि यह अकादमी जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश की अग्रणी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण संस्था बन चुकी है। अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करते हुए कुल 13 पदक (5 स्वर्ण, 1 रजत और 7 कांस्य) जीतकर राष्ट्रीय मंच पर कोरबा का नाम गौरवान्वित किया। इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे लेवल अप एमएमए एकेडमी की सुव्यवस्थित प्रशिक्षण प्रणाली, आधुनिक अभ्यास पद्धति और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया विशेष ध्यान प्रमुख रहा। अकादमी के हेड कोच प्रेमराज बंजारे के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी प्रदान की गई।

### वूशु नेशनल चैंपियनशिप में जिले के फाइटर्स दिखाएंगे अपना दमखम



**कोरबा।** जिला वूशु संघ के सचिव सियाराम बंजारे एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 से 30 दिसंबर तक संस्कार इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी। जिसमें 28 राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगता में भाग लेंगे। जिसमें जिले से कुल 13 फाइटर सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर इस प्रतियोगता में भाग ले रहे है। जिसमें ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के 2 फाइटरों का सलेक्शन वूशु फेडरेशन कप नेशनल के लिए हुआ है। जिसमें जूनियर वर्ग में म्यूजिकल फॉर्म में नरेंद्र कश्यप एवं सब जूनियर- 39 किलो ग्राम वजन वर्ग में शिवांश सोनी का हुआ है। जो कल शाम को शिवनाथ एक्सप्रेस से टीम रवाना होगी। ऑफिसियल में जिला वूशु संघ के सचिव सियाराम बंजारे, ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत शर्मा और चीफ कोच महेश देवांगन शामिल होंगे।

### रेड क्रॉस सोसायटी ने आयुष पोली क्लीनिक में मरीजों को बांटे कंबल



**कोरबा।** मानवता, सेवा और करुणा के अपने मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा ने एक सराहनीय कदम उठाया है। सोसायटी द्वारा डिंगापुर स्थित आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की सुविधा के लिए निशुल्क कंबल एवं चादरों का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने मरीजों से सीधे मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा रेड क्रॉस संस्था सदैव पीड़ितों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए संकल्पित है। अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह छोटा सा सहयोग हमारी सेवा भावना का प्रतीक है। वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी ने संस्था के विजन को साझा करते हुए बताया कि रेड क्रॉस केवल स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि आपदा राहत और अन्य सामाजिक कार्यों में भी समाज के कमजोर वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया। आयुष पोली क्लीनिक के एमएस डॉ. पवन मिश्रा ने इस संवेदनशील पहल का स्वागत करते हुए रेड क्रॉस का आभार व्यक्त किया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया गेवरारोड सेक्शन के विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के नव नियुक्त मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन द्वारा बुधवार को अकलतरा–चांपा–गेवरारोड रेल खण्ड का विस्तृत विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों एवं मध्यवर्ती खण्डों का गहन अवलोकन करते हुए यात्री सुरक्षा, संरक्षा मानकों तथा रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

चांपा–गेवरारोड सेक्शन के मध्य विंडो ट्रेलिंग के दौरान विभिन्न स्टेशनों के यार्ड, क्रॉसिंग, पॉइंट्स, लॉन्ग लूप्स आदि का सूक्ष्म संरक्षा निरीक्षण किया गया। गेवरारोड स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक ने अवसंरचना विकास कार्यों एवं यार्ड रि-मॉडलिंग की प्रगति का जायजा लिया। तत्पश्चात वे कोरबा स्टेशन पहुँचे, जहाँ स्टेशन क्रू लॉबी, रनिंग रूम, पैनल, पॉइंट्स तथा पीडब्ल्यूआई कार्यालय में नाईट पेट्रोलिंग/की-मेन कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार तथा यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने अकलतरा, जांजगीर-नैला, कोरबा एवं गेवरारोड स्टेशनों का क्रमवार निरीक्षण किया। उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक के. श्रीनिवास सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

### यात्री सुरक्षा, संरक्षा एवं परिचालन व्यवस्था की गहन समीक्षा

**खास बात**

- निरीक्षण के दौरान यार्ड की क्रॉसिंग एवं गेवरा स्टेशन पर चल रहे अधोसंरचना कार्य का किया अवलोकन



## महाराणा प्रताप नगर में आयोजित हुआ शिविर

# निगम व पशु चिकित्सा विभाग टीम ने स्ट्रीट डाग का किया वैक्सीनेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम कोरबा एवं पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा आवारा कुत्तो (स्ट्रीट डाग्स) के वैक्सीनेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज निगम क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में शिविर लगाया गया तथा 22 स्ट्रीट डाग व पालतू डाग के वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न कराया गया, साथ ही पालतू कुत्तों को वर्मी दवा भी दी गई। वहीं अब तक 315 कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, इसके साथ ही पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपील की गई है कि वे अपने डाग्स का निःशुल्क वैक्सीनेशन पशु चिकित्सालय में डाग्स को ले जाकर करवा सकते है।

**खास बात**

- अब तक निगम क्षेत्र में 315 डाग्स का वैक्सीनेशन कार्य किया गया पूर्ण




वैक्सीनेशन करते चिकित्सको की टीम।

माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डाग्स) के वैक्सीनेशन व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने की दिशा में नगर निगम कोरबा द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम व उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर यह कार्यवाही की जा रही है, वहीं आज कोरबा के महाराणा प्रताप नगर में शिविर लगाया गया तथा शिविर में स्ट्रीट डाग व पालतू डाग के वैक्सीनेशन कार्य सम्पन्न कराया गया, इसके साथ ही अब तक 315 स्ट्रीट डाग्स का टीकाकरण किया जा चुका है। डा.तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्ट्रीट डाग की फीडिंग हेतु 67 स्थान चिन्हाकित किए गए हैं तथा इन फीडिंग स्थलों पर बोर्ड लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं एक वाहन के साथ केचिग टीम का गठन भी स्ट्रीट डाग्स को पकड़ने व नियंत्रण हेतु किया गया है।

### स्ट्रीट डाग को गोद लें सकते हैं पशु प्रेमी

स्ट्रीट डाग को गोद लेकर उनका पालन पोषण करने के इच्छुक पशुप्रेमी उन्हें गोद लेने के लिए आगे आ सकते हैं, जो पशुप्रेमी स्ट्रीट डाग को गोद लेने की इच्छा रखते है, वे इस संबंध में अपने आवेदन निगम में प्रस्तुत कर सकते हैं। निगम इसमें आवश्यक कार्यवाही करते हुए पशु प्रेमियों को अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

# भिलाईबाजार के ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराया कलेक्टर को




कलेक्टर से मुलाकात करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम भिलाईबाजार के समाजसेवी प्रदीप जायसवाल ने नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, यातायात एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। समाजसेवी श्री जायसवाल ने बताया कि कुसमुंडा एसईसीएल की स्कूल बस, जिसे मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल की अनुशंसा से बच्चों के स्कूल आवागमन हेतु प्रारंभ किया गया था, उसके वर्तमान पास के नवीनीकरण की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में स्कूल प्रबंधन द्वारा केवल एसईसीएल कर्मचारियों के बच्चों का ही पास नवीनीकरण किया जा रहा है, जिससे आम ग्रामीण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही डीएवी कुसमुंडा के एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए जाने वाली बस सुबह के समय उपलब्ध रहती है पर आने के समय सुबह 10:50 पर उपलब्ध नहीं रहती है जिससे परिजनों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारणवश बच्चों को होने वाली समस्याओं को देखते हुए स्कूल बस के ट्रिप बढ़ाने की भी मांग रखी गई, ताकि सभी बच्चों को सुरक्षित और समय पर विद्यालय पहुंचाया जा सके। श्री जायसवाल ने नरईबोध से भिलाईबाजार को जोड़ने वाली सड़क की अत्यंत जर्जर स्थिति पर भी कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 माह पूर्व में एसईसीएल गेवरा द्वारा बनाये गए सड़क अब उखाड़ना शुरू हो गया है जिसके शीघ्र मरम्मत एवं सुधार की आवश्यकता है।

# पंतोरा में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एन.के.एच. चांपा और आयुष मेडिकल एसोसिएशन जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान से सरयू धाम सेवा सदन बजरंग चौक पंतोरा में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने बढ़चढकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजा से किया गया। शिविर में मुख्यरूप से वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.पी.सिंह सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ.तुषार अरुणकुमार (जर्नल सर्जन एवं गुदा रोग विशेषज्ञ), स्त्री रोग सलाहकार डॉ.पूनम यादव एवं डॉ.सुरेंद्र मिश्रा अध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन जांजगीर चांपा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग 90 मरीजों का पंजीयन कर इलाज एवं परामर्श दिया गया। यहां गुदा रोग, रक्ताल्पता (एनीमिया), किडनी रोग के मरीज, उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), शुगर, अस्थि रोग, त्वचा एलर्जी, कुछ गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार दिया गया। जिनका उपचार शिविर में दवा के द्वारा संभव नहीं था उन्हें जिला चिकित्सालय एवं अन्यत्र जाने का उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से एन.के.एच.चांपा से आए सभी मार्केटिंग स्टाफ के साथ पुरोहित, मनीष, संजय, सीनियर स्टाफ गणेश यादव, पुष्पेंद्र यादव, पंतोरा से तथा राकेश मिश्रा, रघुनाथ कर्ष एवं नरेश अग्रवाल, लालू भाई सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




शिविर में उपस्थित चिकित्सक व जनप्रतिनिधि।

# न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में मेराकी जूनियर वार्षिक दिवस समारोह के उपरांत मेराकी सीनियर का वार्षिक दिवस समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीर अली मीर के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। मेराकी सीनियर के विद्यार्थियों ने नृत्य, नाट्य प्रस्तुति, संगीत, कविता पाठ तथा विचारोत्तेजक मंचन के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों में सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्य, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे विषयों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कीर्ति हर्रिट ने कहा कि मेराकी जूनियर और मेराकी सीनियर दोनों ही मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेराकी सीनियर का यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सोच व्यक्त करने, रचनात्मकता को निखारने और नेतृत्व गुणों को विकसित करने का सशक्त अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की और न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्य-आधारित शिक्षा की प्रशंसा की। मेराकी सीनियर का वार्षिक दिवस समारोह न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का उत्सव बनकर विद्यालय की प्रगतिशील शिक्षा-दृष्टि को उजागर करता है। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू, संरक्षक बी. एल. साहू, डायरेक्टर दिलीप कुम, डी. एस. राव, हेड मास्टर जगजीत सिंह भट्टी एवं विद्यालय के समस्त उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऑनलाइन...

में व्याख्याता के पद पर अपनी सेवाएं दे तो रहे हैं जिससे प्रमुख विषय फिजिक्स, केमेस्ट्री जैसे बड़े और महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई पटरी पर लायी जा सकती है।

### राजनीतिक व...

हमले में अक्षय गर्ग के सिर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। हत्या की वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने घटना स्थल पर कैंप किया था और आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने के लिए पुलिस की टीम विभिन्न बिंदुओं पर तहकीकात में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस की टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच और पूछताछ के बाद तीन मलदा निवासी आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद उम्र 27 वर्ष, विश्वजीत ओग्रे (21 वर्ष), गुलशन दास (26 वर्ष) एवं एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद है। पूछताछ में मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद ने स्वीकार किया कि मृतक अक्षय गर्ग ठेकेदारी के कार्य में उसके काम को प्रभावित करता था और उसे कहीं भी ठेका नहीं लेने देता था, साथ ही हाल ही में हुए क्रिकेट प्रतियोगिता में फ्लेक्स में मिर्जा मुस्ताक अहमद की फोटो की नहीं छापने से भी नाराज़ था उसे यह बात नगवार गुजरी और इसी रंजिश के चलते मिर्जा मुस्ताक अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने रेकी कर अक्षय गर्ग की लोकेशन मोबाइल फोन के माध्यम से साझा की और वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4345 व टांगी, लोहे का तलवार को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। इस मामले को सुलझाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, विमल पाठक, पंकज ठाकुर, भूषण एक्का, धर्मनारायण तिवारी, युवराज तिवारी, मृत्युजय पाण्डेय, दुर्गेश वर्मा, परमेश्वर राठौर, अजय सोनवानी, राजेन्द्र प्रताप सिड, चंद्रपाल खांडे, चद्रधर राठौर, राम पाण्डेय, धनंजय नेटी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सिंघिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस ग्राम पंचायत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अचानकपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य विषय नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। साइबर अपराध की रोकथाम, नशा मुक्तसमाज के लिए युवा, स्वच्छता अभियान में युवाओ का योगदान। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल प्रभात फेरी से किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा नशा उन्मूलन संबंधी नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा समाज में नशा मुक्ति के लिए युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम अधिकारी श्री बेदराम जाटवर द्वारा स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्व को समझाया गया एवं अनुशासन तथा सहभागिता पर जोर दिया गया। शिविर में सरपंच कीर्ति कुमार उइके, धर्मनारायण थाना प्रभारी कटघोरा, केआर दयाल, महेश कुमार कुर्रे, एचएस कंवर, डा. विजय कुमार बघेल, अटल सिंह मरावी, लल्लू सिंह, दशरथ कश्यप, छतराम कश्यप, होरी कंवर, राम बाई, तिरिथ कुवर, स्वेता, रविन्द्र कुमार, प्राचार्या श्रीमती संगीता साव, प्रधान पाठक अरुण पाल ओगरे आदि उपस्थित थे।

## शपथ पत्र

मैं राधिका कंवर (RADHIKA KANWAR), उम्र-38 वर्ष पति श्री नेपाल सिंह कंवर, निवासी-ग्राम पुरेना, पोस्ट-बांकी मोगरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) की होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं। 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूं। 2. यह कि, मेरे पुत्र जन्म प्रमाण पत्र अश्विन पाल कंवर (ASHWIN PAL KANWAR) का जन्म प्रमाण पत्र बांकी मोंगरा जोन से जारी हुआ है जिसका पुस्तक कमांक 17271 अनुक्रमांक 65 रजिस्ट्रीकरण कमांक 256, रजिस्ट्रीकरण दिनांक 13.06.2011 जारी दिनांक 27.06.2011 है। जिसमें मेरे पति का नाम नेपाल सिंह दर्ज हो गया है। 3. यह कि, मेरे पति का पूरा नाम नेपाल सिंह कंवर है। 4. यह कि, मैं मेरे पुत्र के उक्त जन्म प्रमाण पत्र ऑन लाईन बनवाना चाहती हूं और मेरे पति का पूरा नाम नेपाल सिंह कंवर (NEPAL SINGH KANWAR) दर्ज कराना चाहती हूं। 5. यह कि, मैं समस्त नियम एवं शर्तों का पालन करने हेतु तैयार हूं। 6. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**राधिका कंवर**






## खबर संक्षेप

### विद्युत मंडल की मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त

**चैतमा।** चैतमा वितरण केंद्र के अंतर्गत 60 से 70 गांव आते हैं जिनको बिजली सप्लाई चैतमा सब स्टेशन से किया जाता है किंतु आए दिन सुधार के नाम पर बिजली बंद किए जाने से ग्रामीणों के साथ साथ व्यवसायिक वर्ग भी परेशानी झेल रहा है। विभागीय कर्मचारियों को फोन करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है। उपभोक्ताओं को बिजली बिल बढ़ाकर दिए जाने से परेशानी बढ़ गई है। आम लोगों के द्वारा इसकी शिकायत भी ऊपर अधिकारियों से की गई। नवापारा के ग्रामीणों ने बिजली काटने का आवेदन दिया था लेकिन कनेक्शन नहीं काटा गया। जिसकी शिकायत उपभोक्ता द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों से की गई थी किंतु उच्च अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय उपभोक्ता से समझौता करने उसके घर चले गए। बुधवार को सुबह से लाइट बंद होने के कारण गांव में पानी की आपूर्ति भी ठप रही।

### जगन्नाथ धाम और कोणार्क की यात्रा पर यूथ हॉस्टल

**कोरबा।** साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के अलावा पर्यावरण जैसे विषय पर काम करने वाले यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों का समूह जगन्नाथ पुरी और कोणार्क की यात्रा पर रवाना हुआ है। इसमें कोरबा, रायपुर, कवर्धा, रायगढ और बिलासपुर इकाइयों के सदस्यों को शामिल किया गया है। बुधवार को सुबह नेहरू नगर से इन सदस्यों को डीएसपीएम पावर प्लांट के मुख्य अभियंता और संस्था के संरक्षक संजीव कंसल ने रवाना किया। इससे पहले मौके पर पूजा अर्चना की गई। संजीव ने कहा कि नए लोगों से परिचय करने के साथ यात्रा एक अच्छा कांसेप्ट है। सदस्यों के प्रस्थान के दौरान चेयरमैन संदीप सेठ सहित सदस्य मौजूद थे। बताया गया कि यूथ हॉस्टल की यह टीम ओडिशा के महत्वपूर्ण शहर जगन्नाथपुरी में भगवान के दर्शन पूजन के साथ मंदिर के ध्वज, समुद्र से जुड़े रहस्य को समझने की कोशिश करेगी। कोणार्क मंदिर के साथ समय चक्र व हजारों साल पहले भारत की वैज्ञानिक दृष्टि की विराटता भी अध्ययन का हिस्सा होगी।

### अरदा में सतगढ़ स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट का आयोजन

**बांकीमोंगरा।** सतगढ़ तंवर समाज संभाग बिलासपुर के तत्वाधान में कोरबा शाखा के द्वारा ग्राम अरदा में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ किया हैं। मुख्य अतिथियों द्वारा कोसगाई माता, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में माल्यार्पण व श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय खेल महोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को तंवर समाज के नवयुवकों द्वारा क्रिकेट, वॉलीबॉल सहित अन्य खेल में अपने गढ़ की टीम द्वारा प्रतिभाग लेंगे। विजेता टीम को सतगढ़ तंवर समाज का 43वां महासम्मेलन शाखा कोरबा के तत्वाधान में 26 से 27 दिसंबर को गेवरा बस्ती में समाज के पदाधिकारियों द्वारा मंच में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। अभी तक सत्तगढ़ स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट आयोजन में पेंड्रागढ़, लाफ़ागढ, मातिनराज, पोड़ीउपरोड़ागढ़, चांपागढ़ी, छुरीगढ़ी तथा कोरबाराज तंवर समाज की इन आठ जमींदारियों के नवयुवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मैदान में कर रहे हैं।

### सचिव संघ ने प्रदान की सहायता राशि



**कोरबा।** जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत के सचिव पद पर पदस्थ नीतू सिंह बिंझवार के निधन के पश्चात उनके परिजनों को पंचायत सचिव संघ की करतला इकाई के द्वारा 21 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस दौरान सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण कंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष संविता साहू, जितेंद्र जायसवाल, परमानंद राजवाड़े, कैलाश कर्मशील और सचिव संघ परिवार उपस्थित थे। नीतू सिंह की तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था उनकी मृत्यु हृदयाघात से होना बताया गया है।

# एनसीसी के छात्रों को सिखाया गया यातायात का पाठ, दी गई सायबर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित एनसीसी कैंप में बुधवार को यातायात पुलिस पहुंची, जहां बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही उन्हें सायबर क्राईम को लेकर भी जागरूक किया गया।

अलग खबर

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश यातायात पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है जो हर दूसरे दिन शहर या उप नगरीय क्षेत्र या स्कूलों को चिन्हांकित कर रही है और स्कूलों में पहुंचकर सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों की 1 घंटे की पाठशाला लगाई जा रही है। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एनसीसी कैडेड के कैंप में पहुंचे, जहां कार्यक्रम में यातायात एएसआई मनोज राठौर द्वारा एनसीसी के बच्चों को हादसों को कैसे रोका जा सके और जिले में कैसे हादसे हो रहे हैं इसके लिए उनके द्वारा डेमो भी दिया गया

### सरस्वती शिशु मंदिर में एनसीसी के छात्रों का आयोजित है कैंप

**खास बातें**

- प्रदेश के विभिन्न जिलो से पहुंचे है एनसीसी के सैकड़ों छात्र
- सड़क पर चलने की दी गई जानकारी



और बच्चों को इसलिए जन जागरूकता के लिए चुना गया है कि उन्हें यह बताया जा रहा है कि अपने माता-पिता जो भी मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर घर से निकल रहे हैं उन्हें हादसों के बारे में प्रतिदिन याद दिलाने और हेलमेट न पहनने पर उसके क्या नुकसान हो रहे हैं और फायदे भी गिनाई जा रहे हैं और एनसीसी छात्रों को भी अपने पालकों को रोक-टोक करने के लिए कहा जा रहा है और या फिर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करने के दौरान कितनी गति में वाहन चलाना है और ओवरस्पीड की वजह से कैसे हादसे हो रहे हैं यह भी बताया जा रहा है और कार चलाते समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी है और सीट बेल्ट का कैसे इस्तेमाल करना है यह भी बच्चों को बताया जा रहा है और उन्हें यह भी प्रेरित किया जा रहा है कि इसके लिए रोज अपने पालकों को रोकने टोकने के लिए ही कहा जा रहा है ताकि अपने बच्चों के रोकने टोकने पर पालक यातायात नियमों का पालन कर सकें और सड़क हादसों का ग्राफ को रोका जा सके। इसके अलावा कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चों को सायबर जागरूकता को लेकर भी उन्हें जानकारी दी गई।

## सर्व समाज के आह्वान पर बाजार बंद, प्रमुख चौक-चौराहों पर दिखा असर

# धर्मांतरण हिंसा के विरोध में बंद शहर की रफ्तार पड़ी रही धीमी



दुकानों को बंद कराते चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी।



बंद दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आमाबेड़ा में धर्मांतरण के विरोध में हुई हिंसा के खिलाफ सर्व समाज के आह्वान पर बुधवार को कोरबा बंद का व्यापक असर देखने को मिला। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों निहारिका घंटाघर, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी, टीपी नगर और सीतामढ़ी चौक में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। सुबह कुछ दुकानें खुली थीं, जिन्हें हिंदू संगठनों के महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने निवेदन कर बंद कराया।

कांकेर के आमाबेड़ा में धर्मांतरण के विरोध में हुई हिंसा के खिलाफ सर्व समाज के आह्वान पर छत्तीसगढ़ बंद का आंदोलन किया गया था। बंद के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से बंद में सहयोग की अपील की गई। अलग-अलग हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता समूहों में नजर आए एक दल सीतामढ़ी चौक से शहर के भीतर बंद कराता दिखा, जबकि दूसरा दल निहारिका घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक दुकानों से संपर्क करता रहा। हिंदू संगठन से जुड़े अजय विश्वकर्मा ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में ईसाई समुदाय और हिंदू आदिवासियों के बीच हुआ विवाद अत्यंत दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी भाइयों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ में बंद का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में कोरबा में भी समाज के सभी वर्गों ने बंद का समर्थन किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोरबा जिले में धर्मांतरण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रूमगड़ा, कटघोरा और करतला क्षेत्र के अलावा शहर में भी पूर्व में विवाद की स्थिति बनी है, जिनमें पुलिस प्रकरण दर्ज किए जाने की जानकारी है। उनका आरोप है कि प्रलोभन और झूठे वादों के जरिए धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिससे जिले में तनावपूर्ण माहौल बन रहा है। बंद के दौरान कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि जो धर्मांतरण के समर्थन में नहीं हैं, वे दुकानें बंद रखकर बंद का समर्थन करें। कुल मिलाकर कोरबा बंद का असर दिनभर बाजार और आवागमन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, हालांकि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।



वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान।

# रजत जयंती अवसर पर 121 वरिष्ठजनों का सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजत जयंती के अवसर पर वरिष्ठजनों के सम्मान एवं सहयोग के उद्देश्य से जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग तथा जनपद पंचायत कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन भारत भवन, भैसमा में किया गया। कार्यक्रम में कुल 121 वरिष्ठजनों को 729 सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों के दीर्घ, स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती, उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या देवी, जनपद सदस्य भैसमा भूपेंद्र, सरपंचगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

**खास बात**

- 729 जीवन सहायक उपकरणों का वितरण

# चरनी में जन्मे प्रभु यीशु, गिरजाघरों में बिखरी खुशियां, झूमा मसीही समाज





क्रिसमस के अवसर पर सजा शहर का सबसे पुराना चर्च और चर्च में प्रभु यीशु के जन्म पर खुशियां मनाता मसीही समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभु यीशु के जन्म के साथ सभी गिरिजाघरों में प्रार्थना सभा का आयोजन करने के साथ प्रभु के गीतों से गूंज उठा। मसीही समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के साथ साथ जिले के ग्रामीण अंचलों के भी गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के जन्म पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सांता क्लॉस के साथ गिरिजा घरों से निकली रैली लोगों के घरों तक पहुंची और बच्चों को उपहार दिए गए।

क्रिसमस पर्व की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से जिले के सभी गिरिजाघरों में चल रही थी। मसीही समाज का सबसे बड़ा पर्व होने के कारण इसके लिए विशेष तैयारियां की गई। क्रिसमस को लेकर जहां शहर सहित जिलेभर के गिरजाघरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है वहीं मसीही परिवारों ने अपने अपने घरों को भी विशेष तौर पर सजाया है। बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि जैसे ही प्रभु यीशु का मान्यताओं के अनुसार जन्म हुआ मसीही समाज में खुशी की लहर छा गई। क्रिममस की पूर्व संध्या के अवसर पर शहर के मुख्य चर्च मेनोनाइट चर्च में देर शाम प्रभु यीशू की प्रार्थनाओं का दौर शुरु हुआ। जो आधी रात तक चलता रहा। आधी रात 12 बजे जैसे ही प्रभु यीशू का जन्म हुआ चर्च में आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाई जाने लगी। इस दौरान मसीह समाज के सदस्य एक दूसरे को बधाईयां दी। इसके साथ ही शहर के अलावा बालको, एनटीपीसी, दीपका, चैतमा के अलावा ग्रामीण अंचलों के सबसे पुराने चर्च कुटुरवा मदनपुर में भी प्रभु यीशू का जन्मदिन आधी रात तक पास्टर के द्वारा प्रभु यीशू के संदेश का वाचन किया गया। प्रभु यीशू के जन्म के बाद अलसुबह तक विभिन्न तरह के आयोजन किए जाते रहे।

**खास बात**

- आज होगी गिरजाघरों में विशेष आराधना

# उपार्जन केंद्र कुल्हरिया में 85 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यवाही करते प्रशासनिक अधिकारी।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले की सभी सहकारी समितियों में किसानों से गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। वहीं उपार्जन केंद्रों पर अवैध, पुराने एवं गुणवत्ता-हीन धान के विक्रय पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कुल्हरिया का तहसीलदार पसान वीरेंद्र श्याम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम जजगी निवासी राजकुमार, पिता जयराम सिंह द्वारा विक्रय हेतु लाई गई 85 बोरी (लगभग 32 क्विंटल) धान की जांच की गई। जांच परीक्षण में उक्त धान पुराना व गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए किसान के 85 बोरी धान को जब्त कर सहकारी समिति के सुपुर्द किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपार्जन केंद्रों पर केवल नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण धान की ही खरीदी की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिले में अब तक किसानों से 8 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 24 दिसम्बर की शाम 6.30 बजे तक की स्थिति में 809898.40 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। जिले में अब तक 510820 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।




## नगर निगम की पहल

# ठंड से लोगों को मिलेगी राहत, महापौर ने इलेक्ट्रिक हीटर का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा शहर में स्थित रैनबसेरा, आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैण्ड आदि में 15 नग इलेक्ट्रिक ताप हीटर एक-दो दिन के अंदर ही स्थापित कर दिए जाएंगे। निगम की इस अभिनव पहल का उद्देश्य रैनबसेरा आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों तथा जरूरतमंदों, राहगीरों को ठिठुरन भरी ठंड से बचाना है ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रैनबसेरा आश्रय स्थलों में इलेक्ट्रिक ताप हीटर के वितरण के दौरान कही। इलेक्ट्रिक ताप हीटर के उपयोग से एक ओर जहां लोगों को पर्याप्त गर्मी प्राप्त होगी, ठंड से राहत मिलेगी, तो वहीं दूसरी ओर ठंड से बचने हेतु जलाए जाने वाले कोयला लकड़ी से उत्पन्न धुएं व प्रदूषण से मुक्ति भी मिलेगी। रैनबसेरा में इलेक्ट्रिताप हीटर के दौरान वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य अजय गोंड़ व ममता यादव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। निगम द्वारा एक सराहनीय व अभिनव पहल करते हुए लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड से राहत दिलाने हेतु बिजली से चलने वाले तथा सुरक्षित रूप से पर्याप्त गर्मी उत्पन्न करने वाले इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर में स्थित रैनबसेरा आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, बस स्टैण्ड, प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम की इस अभिनव पहल का शुभारंभ करते हुए जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज कोरबा परिसर में स्थित रैनबसेरा पहुंची तथा इलेक्ट्रिक ताप हीटर प्रदान किया। उन्होने रैनबसेरा में पुरूष कक्ष एवं महिला कक्ष के लिए पृथका-पृथक 2 नग इलेक्ट्रिक ताप हीटर उपलब्ध कराया तथा रैनबसेरा में उपस्थित लोगों से उनका हालचाल व कुशलश्रेम की जानकारी लेते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।



इलेक्ट्रीक ताप हीटर का अवलोकन करती महापौर।

### इलेक्ट्रिक हीटर से न धुआं होगा, न प्रदूषण

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि इलेक्ट्रिक ताप हीटर का उपयोग करने से न तो धुएं की समस्या होगा, और न ही प्रदूषण भी होगा। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रिक हीटर सुरक्षित रूप से कार्य करेंगे तथा उनसे पर्याप्त मात्रा में गर्मी उत्सर्जित होगी तथा लोगों को धुएं व प्रदूषण की समस्या का सामना किए बिना ठंड से बचाव होगा।

*कोरबा। कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में विचरण कर रहा दंतैल हाथी की निगरानी पिछले कई दिनों से जारी है। दो दिनों में दंतैल ने कोई बड़ी जनहानि नहीं पहुंचायी है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780